बरेली, रविवार
25 जनवरी, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20+4+4=28

# दैनिक जागरण

inext

PAGE NO 4 : MIDDLE

# SRMS मेडिकल कॉलेज में मनाया मतदाता दिवस



राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मताधिकार की ली गई शपथ.

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (24 Jan):** निर्वाचन आयोग के आह्वान पर शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर श्रीराम मूर्ति स्मारक मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर्स, स्टाफ और विद्यार्थियों ने मताधिकार की शपथ ली. लोकतांत्रित परंपराओं और मर्यादाओं को बनाए रखने, बिना किसी प्रलोभन में पड़े, जाति, धर्म और समुदाय से ऊपर उठ कर स्वतंत्र, निष्पक्ष मतदान करने और मतदान में सहयोग करने की यह शपथ मेडिकल कालेज के वाइस प्रिंसिपल एवं डीन पीजी डा. रोहित शर्मा ने दिलायी. इसके साथ ही सभी ने शपथ पत्र भी भरा, जिसमें भारत की लोकतांत्रिक मर्यादाओं को बनाए रखने तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को बनाए रखने की घोषणा की. इस मौके पर डीन यूजी डा. बिंदु गर्ग, सभी विभागाध्यक्ष, डीएसडब्ल्यू डा. क्रांति कुमार, मैनेजर मानव संसाधन अजीत सक्सेना, ऑफिस सुपरिंटेंडेंट विनीत शर्मा, मेडिकल स्टूडेंट और समस्त स्टाफ मौजूद रहा.